संपादकीय

प्रतिस्पर्धी बने सहायक

भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका में आ सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका पर सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी।

भारत के दूरसंचार बाजार में लगभग ड्यूपॉली (द्वि-अधिकार) की स्थिति है। रिलायंस जियो और भारती एयरटेल का बाजार के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा है। इन्हें प्रतिस्पर्धी कंपनियां समझा जाता है। सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के क्षेत्र में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस-एक्स के उतरने की संभावना के बीच अपेक्षा थी कि दोनों कंपनियां आपसी प्रतिस्पर्धा जारी रखते हुए स्पेस-एक्स की स्टारलिंक सेवा के साथ होड़ करेंगी। मगर अब सूरत यह है कि भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू होने के पहले ही उसमें स्टारलिंक की मोनोपॉली (एकाधिकार) कायम हो गई है। जिन कंपनियों से प्रतिस्पर्धा की अपेक्षा थी, वे स्पेस-एक्स की सहायक बन गई हैं।

दोनों कंपनियों ने स्पेस-एक्स से जो करार किया, उससे साफ है कि ये भारतीय बाजार में स्टारलिंक सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी की भूमिका में होंगी। इसीलिए इन कंपनियों के बीच हुए करार को आश्चर्यजनक घटना माना गया है। जियो भारत में सबसे बड़ा टेलीकॉम ऑपरेटर है। अनुमान है कि उसके 48 करोड़ से अधिक यूजर हैं। अब वह अपने रिटेल स्टोरों में स्टारलिंक के उपकरण का स्टॉक करेगी। उसके हजारों आउटलेट्स का उपयोग स्टारलिंक अपने प्रत्यक्ष वितरण केंद्र के रूप में करेगी। इसी भूमिका में एयरटेल भी होगी। यहां याद करना उचित होगा कि सैटेलाइट इंटरनेट के स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर मस्क और भारतीय कंपनियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी।

रिलायंस चाहती थी कि सेटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी हो। मस्क की कंपनी का तर्क था कि स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जाए। लेकिन अब सारा विवाद दूर हो गया है। वह भी तब, जबकि भारत सरकार ने स्पेक्ट्रम का आवंटन किया नहीं है। वैसे मीडिया कयास के मुताबिक इन करार के पीछे भारत और अमेरिका की सरकारों ने भी परोक्ष भूमिका निभाई है। इस घटनाक्रम से भारतीय पूंजीवाद के रूप पर नई बहस खड़ी होगी। भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता और स्वेच्छा से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका को स्वीकार कर सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका से जुड़े सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी।

देश में 55 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले, ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से अधिक

नई दिल्ली

देश में 7 मार्च 2025 तक 55.05 करोड़ जनधन खाते खुले हैं। इसमें से 36.63 करोड़ या 66.57 प्रतिशत ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में खुले हैं। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत 7 मार्च तक कुल नामांकन की संख्या बढक़र 50.30 करोड़ हो गई है।

अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना और अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में भी मजबूत प्रगति हुई है।

अटल पेंशन योजना में कुल नामांकन की संख्या 7.49 करोड़ हो गई है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत 28 फरवरी तक 33.19 लाख करोड़ रुपये के 52.07 करोड़ लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं।

स्टैंड अप इंडिया योजना (एसयूपीआई) के तहत योजना की शुरुआत से लेकर अब तक (7 मार्च तक) 60,504 करोड़ रुपये के 2.67 लाख लोन स्वीकृत किए गए हैं।

सरकार ने वित्तीय समावेशन के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत अगस्त 2014 में की थी, जिसका उद्देश्य बैंकिंग सुविधा से वंचित प्रत्येक वयस्क को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है।

पीएमएसबीवाई एक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना है, जिसका हर साल रिन्यूएबल किया जा सकता है। इसमें 20 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दुर्घटना के कारण मृत्यु या स्थायी पूर्ण विकलांगता के लिए 2 लाख रुपये और स्थायी आंशिक विकलांगता के लिए 1 लाख रुपये का कवरेज दिया जाता है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एक जीवन बीमा योजना है, जिसे हर साल रिन्यू किया जा सकता है। यह 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, पीएमजेजेबीवाई में अब तक 23.21 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं।

अटल पेंशन योजना का उद्देश्य 18 से 40 वर्ष की आयु के पात्र ग्राहकों को मासिक पेंशन प्रदान करना है, जो किसी भी संगठित पेंशन योजना के अंतर्गत कवर नहीं होते हैं।

इस योजना के तहत ग्राहकों को योगदान के आधार पर 60 वर्ष की आयु में 1,000 रुपये, 2,000 रुपये, 3,000 रुपये, 4,000 रुपये और 5,000 रुपये प्रति माह की निर्धारित न्यूनतम पेंशन मिलेगी।

कोल इंडिया ने बीएसई, एनएसई से जुर्माना माफ करने का किया अनुरोध

नई दिल्ली

राष्ट्रीय खनन दिग्गज कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बीएसई और एनएसई से कंपनी पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने का अनुरोध किया है। सीआईएल पर यह जुर्माना लगाया जा रहा है क्योंकि कंपनी ने अपने बोर्ड में एक महिला सहित स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या की नियुक्ति के लिए सेबी के मानदंड का पालन नहीं किया है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) प्रत्येक ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए सीआईएल पर 9.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

कोल इंडिया लिमिटेड की तरफ से इसको लेकर कहा गया कि सेबी विनियमों के संबंध में गैर-अनुपालन न तो कंपनी द्वारा किसी लापरवाही या चूक के कारण था और न ही सीआईएल के प्रबंधन के नियंत्रण में था।अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास भी किए गए थे।

सीआईएल ने कहा है कि यह कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक 'सरकारी कंपनी' है।

कोल इंडिया लिमिटेड के एसोसिएशन के लेखों के अनुसार, सभी बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

इसलिए बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति सीआईएल के प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। सीआईएल अपने बोर्ड में एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए कोयला मंत्रालय के साथ नियमित रूप से मामले का फॉलो अप ले रहा है। 18 मार्च को एक विनियामक फाइलिंग में, कोल इंडिया ने खुलासा किया कि उसे 17 मार्च, 2025 को एनएसई और बीएसई से सेबी एलओडीआर के विनियम 17(1), 18(1), 19(1 और 2), और 21(2) के उल्लंघन का हवाला देते हुए नोटिस मिले थे।

माइकल क्लार्क ने की भविष्यवाणी, आईपीएल 2025 में ये 4 टीमें जाएंगी प्लेऑफ में

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने वो चार टीमें चुनी हैं, जो उनसे अनुसार आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंच सकती है। इसके अलावा उन्होंने विजेता टीम को लेकर भी भविष्यवाणी की है।

बियोंड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट के यू-ट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान क्लार्क ने भविष्यवाणी की है कि इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंच सकती है। बता दें कि पिछले सीजन केकेआर और सनराइजर्स की टीम फाइनल में पहुंची थी।

वहीं आईपीएल 2025 का विजेता कौन होगा, इस बारे में पूछे जाने में उन्होंने हैदराबाद की टीम को चुना है। क्लार्क के अनुसार हैदराबाद का गेंदबाजी अटैक बहुत मजबूत है औऱ टीम की कमान ऑस्ट्रेलिया के स्टार कप्तान पैट कमिंस के हाथों में है। ऐसे में हैदाराबद की टीम उन्हें बहुत मजबूत नजर आती है।

साथ ही क्लार्क ने वो टीमें भी चुनी हैं, जो इस सीजन संघर्ष करते हुए नजर आ सकती है।

भारत और नॉर्वे द्विपक्षीय व्यापार व निवेश संबंधों को करेंगे मजबूत

नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे के साथ चर्चा के बाद कहा कि भारत और नॉर्वे अपनी व्यापार और निवेश साझेदारी को मजबूत करना चाहते हैं।

दोनों नेताओं ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने तथा प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने कार्यबल गतिशीलता और कौशल विकास में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे दोनों देशों के लिए नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

गोयल ने कहा, भारत और नॉर्वे व्यापार संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकते हैं और अगले दशक में द्विपक्षीय व्यापार को दस गुना बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

भारतीय मंत्री ने ईएफटीए-टीईपीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ - व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता) और इसकी निवेश प्रतिबद्धताओं के महत्व पर भी जोर दिया तथा भारत-नॉर्वे व्यापार संबंधों के लिए इसके संभावित लाभों पर प्रकाश डाला।

गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को गहरा करने, कौशल विकास और कार्यबल गतिशीलता में सहयोग बढ़ाने, ईएफटीए-टीईपीए के महत्व और इसकी निवेश प्रतिबद्धताओं पर चर्चा की गई।

मंत्रियों ने वैश्विक व्यापार मुद्दों, विश्व व्यापार संगठन सुधारों तथा उभरते भू-राजनीतिक और आर्थिक रुझानों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

उन्होंने उच्च स्तरीय व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि की, जिससे पारस्परिक विकास और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय योगदान देने का भी आग्रह किया।

इस बीच, ईएफटीए ने अगले 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने तथा ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन को सुगम बनाने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

सूर्यकुमार सीएसके के खिलाफ पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे : हार्दिक

नई दिल्ली

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे, नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या ने इसकी पुष्टि की है। पांड्या मुंबई इंडियंस के सीजन के पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे, क्योंकि उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा हुआ है। टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2024 के अंतिम लीग मैच में धीमा ओवर-रेट दर्ज किया था, जो सीजन का उनका तीसरा अपराध भी था। सूर्यकुमार ने 2023 में एक आईपीएल मैच में मुंबई की कप्तानी की थी। पांड्या ने प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस, जिसमें वे बुधवार को मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के साथ शामिल हुए थे, में कहा,सूर्यकुमार यादव भारत की भी कप्तानी करते हैं। वे आईपीएल 2025 के पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे साथ तीन कप्तान खेल रहे हैं - रोहित, सूर्य और बुमराह। वे हमेशा मेरे कंधे पर हाथ रखते हैं और जब भी मुझे

किसी मदद की जरूरत होती है, तो वे हमेशा मौजूद रहते हैं।

मुंबई-चेन्नई मुकाबले के बारे में बात करते हुए जयवर्धने ने कहा, यह दोनों टीमों के लिए एक चुनौती है। मैंने हमेशा इस मुकाबले का लुत्फ उठाया है, और इसके लिए उत्साहित हूं। टीम के लिए थोड़ा और उत्साह भी है।

मुंबई अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना खेल रही है, जो मार्च में सिडनी टेस्ट के दौरान लगी पीठ की चोट से उबर रहे हैं। जयवर्धने ने कहा कि बुमराह अभी भी बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं। वह अभी भी एनसीए में है और दिन-प्रतिदिन उसकी निगरानी की जा रही है। वह ठीक हो रहा है और अच्छे मूड में है; उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम से जुड़ जाएगा।

पिछले साल मुंबई अंक तालिका में सबसे नीचे रहा और पांड्या ने कहा कि टीम आईपीएल 2025 में हर पहलू में अपना प्रदर्शन सही करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। बस अच्छा क्रिकेट खेलें। एक ही समय में एक-दूसरे के साथ रहें। प्रक्रियाओं को सही तरीके से करें। आगे बढ़ें और अमल करें। इस समूह के साथ, प्रतिभा को देखते हुए, हम मैचों का आनंद लेने के लिए आगे बढ़ेंगे।

श्रेयस अय्यर का बड़ा ऐलान, पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल 2025 में इस नंबर पर करेंगे बल्लेबाजी

नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के नए कप्तान और कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग के विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर ने 18 मार्च को घोषणा करते हुए कहा कि वह आईपीएल 2025 में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करेंगे।

अय्यर फिलहाल भारत की टी-20 टीम का हिस्सा नहीं है औऱ वह पंजाब किंग्स के लिए आगामी आईपीएल में इस नंबर पर खेलते हुए भारत के लिए इस फॉर्मेट में वापसी करना चाहते हैं।

पंजाब किंग्स द्वारा आयोजित प्रैस क्रॉफ्रेंस में अय्यर ने मीडिया से कहा, हम सब पहले से जानते हैं कि आईपीएल भारतीय क्रिकेट का अभिन्न अंग है। और अगर मैं टी-20 में किसी स्थान पर खुद को स्थापित करना चाहूँ तो वह नंबर 3 होगा। और मैं इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूँ।

मैं यह नहीं कहूंगा कि हम इस बारे में प्लान बना रहे हैं और सोच रहे हैं कि मैं किस नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा। इस बार मैं इस चीज को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हूं। और मैं उस नंबर पर ध्यान केंद्रित करने जा रहा हूं। जब तक कोच (रिकी पोंटिंग) मुझे मंजूरी देते है।

बता दें कि फिलहाल भारत की टी-20 टीम पर नंबर 3 पर तिलक वर्मा बल्लेबाजी करते हुए औऱ उनका प्रगर्शन शानदार रहा है। वहीं अय्यर ने भारत के लिए खेले गए 51 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 19 बार नंबर 3 पर बल्लेबाजी की औऱ उनके आंकड़े भी अच्छे हैं।

आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। आज धन लाभ के नए सोर्स मिलेंगे। इस राशि के युवाओं की विज्ञान के क्षेत्र में की रुचि बढ़ेगी।

वृष: आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज आपके पराक्रम और धैर्य में वृद्धि होगी। आज बिजनेसमैन को लाभ होने की संभावना है।

राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आज आपका मन अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। आज रुका हुआ कार्य पूरा होने वाला है, हालांकि अधिक मेहनत भी करनी पड़ेगी।

कर्क: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन- मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। इस राशि के छात्रों को किसी विशेष सब्जेक्ट को लेकर बहुत अधिक एकाग्रता बनाए रखने की जरूरत है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन में चल रही अनबन दूर करने की कोशिश करेंगे।

कन्या: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा जरूर होगा। रुके हुए ऑफिशियल कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए।

तुला: आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। ऑफिस में आपको किसी कार्य में सीनियर्स की मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य समय पर पूरा हो जाएगा। आज आपको अजनबी लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

वृश्चिक: आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आज सम्मानित व्यक्तियों के साथ समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज घर की सुख-सुविधा से संबंधित मूल्यवान वस्तुओं की खरीददारी संभव है।

धनु: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपके निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने की उम्मीद है।

मकर: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

कुंभ: आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। पिछले कुछ समय से चल रही उलझन आज दूर होगी, जिससे खुद को रिलैक्स फील करेंगे।

मीन: आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी समस्याओं का समाधान निकालने में आज आप सफल होंगे। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं।

पर्दे पर सुपर आइकॉनिक श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहती हैं तमन्ना भाटिया

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया स्क्रीन पर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की भूमिका निभाना चाहती हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उनकी यह तमन्ना है कि वह सुपर आइकॉनिक अभिनेत्री की भूमिका को पर्दे पर उतारें।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में लेबल ब्लोनी के लिए शोस्टॉपर बनीं तमन्ना से जब पूछा गया कि वह स्क्रीन पर किस अभिनेत्री के किरदार को निभाना चाहेंगी, तो उन्होंने आइकॉनिक एक्ट्रेस श्रीदेवी का नाम लिया। तमन्ना ने कहा, मैं

श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहूंगी। वह सुपर आइकॉनिक थीं और वह ऐसी शख्सियत हैं जिनकी मैं प्रशंसक रही हूं।

भारतीय सिनेमा की 'पहली महिला सुपरस्टार' के रूप में लोकप्रिय श्रीदेवी ने कॉमेडी से लेकर फैमिली ड्रामा तक, विभिन्न विधाओं के साथ सिनेमा के हर हिस्से को छुआ। वह भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, मगर वह शानदार फिल्मों के जरिए हमेशा जिंदा रहेंगी। श्रीदेवी हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

उन्होंने अपने फिल्मी करियर में 'मिस्टर इंडिया', 'खुदा गवाह', 'लाडला', 'जुदाई', 'इंग्लिश विंग्लिश', 'मॉम' जैसी शानदार फिल्मों में काम किया। श्रीदेवी की आखिरी फिल्म 'मॉम' थी, जो 2017 में रिलीज हुई थी। श्रीदेवी की पहली हिंदी फिल्म सोलहवां सावन (1979) थी।

अभिषेक की 'बी हैप्पी' पर बोले अमिताभ बच्चन- इससे बड़े गर्व की बात कुछ नहीं

मेगास्टार अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन की 'बी हैप्पी' में उनके काम के लिए मिल रही सराहना से अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि एक पिता के लिए इससे बड़े गर्व की बात कुछ नहीं हो सकती।

अभिषेक की हालिया रिलीज फिल्म 'बी हैप्पी' को मिल रही सराहना से गदगद अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर लिखा, अभिषेक की फिल्म बी हैप्पी की सराहना से मैं अभिभूत हूं.. एक पिता के लिए इससे बड़े गर्व की बात कुछ नहीं हो सकती।

उन्होंने अपने प्रशंसकों को फिल्म देखने और अभिषेक के काम को पसंद करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, मैं उन सभी प्रशंसकों और दोस्तों का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने फिल्म देखी और अपना प्यार, आशीर्वाद दिया।

जान्हवी कपूर-वरुण धवन स्टारर सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की रिलीज डेट आउट

अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर अपकमिंग फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। फिल्म निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय, मनीष पॉल और मानिनी चड्ढा ने काम किया है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जो 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'धडक़' के लिए जाने जाते हैं। यह फिल्म पहले 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, निर्माण में देरी के कारण अब यह सितंबर में रिलीज होगी।

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' वरुण धवन और जान्हवी कपूर की दूसरी फिल्म है, इससे पहले वे नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म 'बवाल' में साथ काम कर चुके हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी का निर्माण करण जौहर, हीरू यश जौहर, अपूर्व मेहता और

शशांक खेतान ने किया है। वरुण ने हाल ही में मनीष पॉल के साथ वैनिटी वैन में बिताए कुछ मजेदार पलों की झलक प्रशंसकों को दिखाई थी।

फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने सेट के माहौल पर बात करते हुए उसे फन जॉइंट फैमिली एक्सपीरियंस बताया था। सेट के अपने अनुभव के बारे में अक्षय ने बताया कि यहां का माहौल बेहद खास और उम्दा है। फिल्म की शूटिंग राजस्थान के जयपुर और जोधपुर जैसे खूबसूरत लोकेशन्स पर हो रही है।

अक्षय ने कहा, यह सेट नहीं बल्कि एक बड़े, मजेदार संयुक्त परिवार का हिस्सा होने जैसा है और इसका सारा श्रेय शशांक को जाता है। हम साथ में खाना खाते हैं, साथ में मजेदार बातें करते हैं और साथ में वर्कआउट भी करते हैं।

शब्द सामर्थ्य- 358

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 357 का हल

ग	ल	त	ज			खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ष्ठा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न्न		पा	नी	
ची			प		पा			भो
न	ज	रा	ना		स	मा	चा	र

सू-दोकू- 358

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.357का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2